>

Title: The Minister of State in the Ministry of Communications and Information Technology laid the statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 23rd Report of the Standing Committee on Information Technology on Demands for Grants (2011-12),pertaining to the Department of Electronics and Information Technology, Ministry of Communications and Information Technology.

**संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट):** महोदय, मै माननीय सभापति, राज्य सभा द्वारा राज्य परिषद में नियम, प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियम 266 के अंतर्गत जारी किए गए निदेश के अनुसरण में तथा जिसे दिनांक 28 सितम्बर, 2004 के राज्य सभा संसद बुलेटिन भाग-II के जरिए जारी किया गया है, मैं इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति (2009-10) की 23वीं रिपोर्ट (15वीं लोक सभा) में की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति पर यह वक्तव्य सभापटल पर रख रहा हूं:

1. सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की वर्ष 2011-12 की अनुदान की मांगों की जांच की है और रिपोर्ट को लोक सभा में 4 अगस्त, 2011 को प्रस्तुत किया गया था। इस रिपोर्ट में 27 सिफारिशें/िटप्पणियां हैं।

2. इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट (परिशिष्ट) के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति की सभी 27 सिफारिशों/िटप्पणियों के कार्यान्वयन के लिए यथासंभव कदम उठाए हैं।

3. मैं सदन का बहुमूल्य समय लिए बिना विस्तृत अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखना चाहूंगा।

-